सार-समाचार

रकमा ने जिलाध्यक्ष बनाए

गुलजार अली

धीनू खान

जालोर, (कासं)। राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ ने संभाग प्रभारी पाली शहजाद खान की अनुशंसा पर जालौर के एमसीएच के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर गुलजार अली को जालोर जिले का जिलाध्यक्ष और सांचोर के धीनू खान वरिष्ठ अध्यापक को जिला सांचौर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ ने जालौर के गुलजार अली एवं सांचोर के धीनू खान को कर्मचारी अधिकारी के हितार्थ कार्य को देखते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें जल्द ही जलि कार्यकारिणी गठन करने के लिए निर्देश दिए गए है। रकमा का जालौर, सांचौर जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर अल्पसंख्यक कर्मचारियों अधिकारियों ने बधाई प्रेषित की।

बैजनाथ छात्रावास में चातुर्मास संपन्न

जालोर, (कासं)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज जालोर के तत्वावधान स्वामी कृष्णानंद पुरी महाराज रामकृष्ण पंचवटी आश्रम, समदडी की ओर से बैजनाथ छात्रावास जालोर में आयोजित भव्य चातुर्मास का समापन हुआ। स्वामी कृष्णानंदपुरी महाराज ने करीब तीन माह तक प्रतिदिन मद भागवत कथा पर प्रवचन दिए गए। स्वामी द्वारा मूल रूप से मनुष्य जीवन के लक्ष्य के बारे में जोर देते हुए बताया कि मानव जीवन का उद्देश्य परमात्मा प्राप्ति होना चाहिए। इसलिए सभी को प्रतिदिन भगवन नाम संकीर्तन करना चाहिए। यही मानव को भवसागर पार करवाएगा। कथा समापन पर भागवत की आरती की गई। समाज के सभी पदाधिकारियो द्वारा स्वामीजी का आभार व्यक्त किया तथा स्वामीजी द्वारा संत हृदय से सभी के शुभ मंगल की कामना एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कथा समापन पर सुंदरकांड का पाठकर स्वामीजी को समदडी आश्रम से करीब 100 भक्त एवं जालोर से करीब 150 लोग साथ में समदडी तक छोडने गए तथा कथा स्थल से सूरज पोल स्थित जब्बरनाथ महादेव मंदिर तक ढोल बाजे के साथ स्वामा जी को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में जालोर, जोधपुर, सिवाना, बालोतरा एवं समदडी से सैकडों की संख्या में भक्त पहुंचे। सुरेन्द्र दवे, आंदीलाल दवे, चिरंजीलाल दवे, ओमप्रकाश ठाकुर, कमल किशोर, भूपेश व्यास, पी सी व्यास, सुरेन्द्र नाग, दीनदयाल, ललित दवे आदि उपस्थित थे।

रेवदर बस स्टैंड पर कचरे से परेशानी

रेवदर, (निसं)। रेवदर उपखंड मुख्यालय के रेवदर मुख्य बस स्टैंड पर बेसहारा पशुओं का काफी आतंक फैला हुआ है, जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन बेसहारा पशुओं के आतंक से आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। इधर इन पशुओं को लेकर जिम्मेदार भी बेसुध नजर आ रहे हैं। दिन तो दिन लेकिन शाम ढलते ही मुख्य बस स्टैंड पर करीब 15-20 गाय और नन्दी का जमावडा हो जाता है वेसे पूरे दिन भर घूमते नजर आते हैं। लेकिन शाम को खास वजह यह है कि मुख्य बसस्टेंड पर समीप व्रती लारी व सब्जी मंडी के व्यापारीयो द्वारा पूरे दिन का कचरा व खराब हो चुकी सब्जियों के कचरे को मुख्य बस स्टैंड पर बीच सडक पर डाला जाता है जिसको खाने के लिए पशुओं का झुंड जमा हो जाता है। इनके द्वारा कई बार इनकी आपसी लड़ाई का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उनकी आपसी लडाई से लोग तो चोटिल होते ही हैं, साथ ही साथ इनकी वजह से कई लोगों के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। प्रकाश राज सोनी रेवदर का कहना है कि मेरी बस स्टैंड पर दुकान है दो दिन पूर्व शाम को इनकी लडाई की चपेट में एक महिला सहित बच्चे आ गये। लेकिन समय रहते इनको बचा लिया लेकिन फिर भी महिला चोटिल हो गयी व आस पास के लोगो ने इनको सुरक्षित घर भेजा। भेराराम सोलंकी रेवदर का कहना है कि मेरी बस स्टैंड पर लारी है कई बार इनकी लडाई में हमे जान माल का डर रहता है इनकी लडाई में हम अपनी लारी को छोड़ कर अपनी जान बचाने के प्रयास करते है न जाने कब इनकी चपेट में आ जाये।

क्रिकेट विजेता दल का स्वागत

जालोर, (कासं)। 67वीं जिला स्तरीय 1-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में इम्मानुअल सी. सै. स्कूल जालोर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय खिताब अपने नाम किया। बुधवार को इम्मानुअल स्कूल में विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय स्टॉफ की ओर से स्वागत किया गया। विजेता दल का विद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सूर्यवीर सिंह वाघेला ने समस्त खिलाडियों का उत्साहवर्धन कर राज्य पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह दी। विद्यालय के खेल प्रभार सतीश कुमार ने जानकारी दी कि छात्र आदित्य, विनोद, शिवांण चौधरी मीनित दवे, पार्थ जैन, कृष्णपाल सिंह और जयपाल सिंह का राज्य स्तर प्रशिक्षण कैम्प में चयन हुआ। छात्र मीनित दवे को मैन आफ दी सीरीज और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की खिताब से नवाजा गया। इस मौके पर जी. पी. बडगुजर, सीजी के वी, शालिनी माथुर, सुमन शर्मा, सुरेश पुरी आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

वाहनों का जांच अभियान शुरू

जालोर, (कासं)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के दृष्टिगत यह संभव है कि पार्सल, कोरियर आदि के रूप में अवैध व संदिग्ध सामग्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर बसों की डिग्गी व अन्य वाहनों से पहुंचाया जा सकता है। आगामी चुनाव को देखते हुए परिवहन विभाग जालोर के जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय के नेतृत्व में टीमों का गठन कर वाहनों की जांच को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय ने बताया कि उक्त अवैध व संदिग्ध सामग्री की रोकथाम के लिए विधानसभा आम चुनाव 2023 की समाप्ति तक वाणिज्यिक कर विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत परिवहन विभाग जालोर के परिवहन निरीक्षक मनीष माथुर, अभिषेक शर्मा एवं वाणिज्यिक कर विभाग जालोर के सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी सुरेश कुमार मीणा द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर बसें, ट्रक व अन्य वाहनों द्वारा पार्सल, कोरियर, आदि के रूप में अवैध व संदिग्ध एवं कर अपवंचना करते हुए सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के नियन्त्रण के लिए कार्यवाही की जायेगी।

विप्र फाउंडेशन ने प्रभारी नियुक्त किए

बालोतरा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन जिला बालोतरा ने तीनों विधानसभा पर प्रभारी की नियुक्ति की है। विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र दवे ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा,प्रदेश अध्यक्ष छगनसिंह राजपुरोहित,प्रदेश प्रभारी नवीन जोशी,प्रदेश संगठन महासचिव कैलाश सारस्वत,प्रदेश महा सचिव दिनेश दवे के निर्देशानुसार पचपदरा विधानसभा के लिए शंकरलाल पालीवाल,सिवाना विधानसभा के लिए अशोक व्यास व बायतु विधानसभा के लिए भेराराम राणेजा को विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है। दवे ने बताया कि ये सभी प्रभारी विधानसभा में ब्राह्मण समाज का समीकरण व सर्वे बनाएंगे व ये आंकलन राष्ट्रीय कार्यकारिणी को भेजा जाएगा !उसी के आधार पर आगामी चुनावों में ब्राह्मण समाज की भूमिका तय की जाएगी।

जुलूस ए मोहम्मदी आज

जालोर, (कासं)। जालोर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर गुरुवार को सुबह 10 बजे जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस कमेटी सदर इरफान खान नायक ने बताया कि जुलूस दरगाह गेबनशाह गाजी से सदर बाजार, गणेश चौक, गांधी चौक, सूरजपोल ,अस्पताल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्कल, बागोडा रोड, पंचायत समिति होते हुए बडी पोल के अंदर पिंजारो की मस्जिद से जामा मस्जिद के वशी मैदान में पहुंचेगा। जहां बाद नमाजे जोहर मिलादे पाक का आयोजन किया जाएगा। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी पहाड खान ने बताया कि जैसलमेर से समीर अशफाकी अपनी तकरीर पेश करेंगे वही कार्यक्रम की जेरे सदारत मौलाना सफी मोहम्मद अकबरी करेंगे। कार्यक्रम में जेरे निजामत कारी जाकिर हुसैन अकबरी, मौलाना बसीर सिद्दीकी रहेंगे। बाहर से आए मुकर्रर अपने तकरीर पेश करेंगे। वही कार्यक्रम में मोहम्मद इलियास नक्शबंदी सहित शहर गणमान्य आलिम उपस्थित रहेंगे।

त्रयोदशी पर श्रद्धालुओं ने जसोल माता के दर्शन किए

बालोतरा, (निसं)। भोर की पहली किरण, हाथों में ध्वज पताका, चारों ओर मोतियों वाली माँ के जयकारों के साथ, एक झलक माजीसा की देखने को आतुर हजारों श्रद्धालु उमडे तो जसोलधाम की खूबसूरती देखने लायक थी। सुबह 6.00 बजे आरती के लिए मंदिर के पट (दरवाजे) खुले तो कतारों में खडे श्रद्धालु उत्साह से सरोबार नजर आए।

पश्चिमी राजस्थान के शक्तिपीठ व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था की नगरी जसोलधाम में भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी बुधवार को जगतजननी व राजराजेश्वरी माता राणी भटियाणी मंदिर में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

जयकारे के साथ मंदिर में पहले पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में होड सी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने श्री राणी भटियाणी सा, श्री रावल कल्याणसिंह , श्री बायोसा, श्री सवाईसिंहजी, श्री लाल बन्नासा, श्री खेतलाजी व श्री भेरूजी के मंदिर में दर्शन पूजन कर परिवार में खुशहाली की कामनाएं कीं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमडने पर मंदिर मुख्य द्वार-प्रवेश मार्ग तक लंबी कतारें नजर आई। और बच्चों से लेकर बुजुर्ग एवम् महिलाएं मुख्य प्रवेश द्वार से बाहर तक कतारों में भाद्रपद त्रयोदशी पर मां की एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आए। घंटों प्रतीक्षा बाद आई बारी पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन-पूजन कर व प्रसाद चढा परिवार में खुशहाली की कामना की। ब्रह्ममुहूर्त के साथ श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का जो सिलसिला शुरू हुआ, वो देर रात तक अनवरत जारी रहा।

बालोतरा व आसपास दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु पैदल जत्थों के रूप में माजीसा के जयकारे लगाते, भजन गाते व नृत्य करते हुए मंदिर पहुंचे। इससे मेला सा माहौल बना रहा। माजीसा के धाम में नवविवाहित दंपतियों ने सुखी दांपत्य जीवन की कामना की तो नवजातों के झडूले उतारकर स्वस्थ व समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। अब तक डेढ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेक मन्नतें मांगीं।

छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया गया। तथा भोजनशाला में हजारो भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर लाभ लिया।

भाद्रपद त्रयोदशी के दिन भोर की वेला में मांजीसा की प्रतिमा का विशेष पूजन किया गया। मन्दिर संस्थान की और से प्रतिमा को नए वस्त्रों, गहनों, फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिससे दर्शनों को आने वाले भक्तों को माता की मोहिनी मूर्त के दर्शन हो सके। दर्शनों की बारी आने पर श्रद्धालु माता की मोहिनी मूर्त को निहारते नजर आए।

भाद्रपद मेले व त्रयोदशी को लेकर श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान की ओर से श्रद्धालुओं के लिए छाया, पानी, चिकित्सा व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रख संस्थान ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए। पुलिस प्रशासन ने मंदिर परिसर में सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए।

त्रयोदशी पर हुई महाआरती

धार्मिक मान्यताओं में भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी का विशेष महत्त्व है। आज मन्दिर संस्थान की ओर से महाआरती का आयोजन किया। जूना अखाडा अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता व सन्त महामंडल अध्यक्ष दिल्ली एनसीआर तथा दुधेश्वर महादेव मठ गाजियाबाद मंहत श्री नारायण गिरी महाराज के पावन सानिध्य में ढोल धमाकों व नगाडों के साथ महाआरती की गई।

मालाणी सांस्कृतिक कला केंद्र के लोक गायकों ने गैर नृत्य की प्रस्तुति दी। माँ के दर्शनों व आरती में शामिल हुए हजारों भक्तों ने आरती का लाभ लिया। देश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण तेरस की पूर्व रात्रि पर जसोलधाम में भीड नजर आई। श्रद्धालुओं ने मां की ज्योत जलाकर रात भर संकीर्तन किया, वहीं सुबह दर्शन पूजन के साथ प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित किया। त्रयोदशी पर दर्शन की महात्म्य को लेकर रात से ही श्रद्धालु कतारों में लग जाते हैं, ताकि सुबह की आरती के साथ प्रथम दर्शन कर सकें।

जसोलधाम की ओर से माँ के भक्तों को सेवा लाभ देने को लेकर संस्थान ने पहल शुरू की गई। माँ को छप्पन भोग लगाने व भोजनशाला में प्रसादी का लाभ भक्तों को देने की योजना शुरू हुई। पहली बार त्रयोदशी पर छप्पन भोग का प्रसाद लगाने का लाभ जूना अखाडा अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता व सन्त महामंडल अध्यक्ष दिल्ली एनसीआर तथा दुधेश्वर महादेव मठ गाजियाबाद मंहत नारायण गिरी जी महाराज के सानिध्य में चामुंडेरी पाली निवासी माजीसा के परम भक्त रुक्मण बाईसा धर्मपत्नी विक्रमसिंह राव, उनकी पुत्रियों प्रियंका कंवर पृथ्वीराज सिंह व निवेदिता कंवर सोहनसिंह राव परिवार चामुंडेरी ने लिया। जिन्होंने अब तक 118 बार चामुंडेरी से माजीसा के दर्शनों के लिए जसोलधाम की पैदल यात्रा की।

भोजनशाला में प्रसादी व्यवस्था

जसोलधाम में माँ के भक्तों को भोजनशाला में प्रतिदिन प्रसादी का लाभ मिले उसी भाव के साथ संस्थान की पहल में अब भक्त लाभ ले रहे। त्रयोदशी पर भोजनशाला में श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का लाभ जोगसिंह पुत्र ठा. शंम्भुसिंह एवं सुपुत्र अर्जुनसिंह, दिग्विजयसिंह की और से लिया गया। संस्थान द्वारा शुरू हुई भोजनशाला में एक जाजम पर माँ के भक्तों को प्रसादी का लाभ मिल रहा है। सर्व समाज की आस्था के समरसता पूर्ण भावना के साथ संचालित हो रही जसोलधाम की भोजनशाला अब माँ के भक्तों का अनूठा उदाहरण बन रही है। आगामी अश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी की भोजनशाला प्रसादी का लाभ भूपतसिंह सुपुत्र स्वर्गीय जबरसिंह असाडा द्वारा लिया जाएगा।

भारत को जानो प्रश्न मंच व समूह गान प्रति. आयोजित

जोधपुर, (कासं)। भारत विकास परिषद् , नन्दनवन जोधपुर शाखा ने स्वास्थ्य साधना केन्द्र पर भारत को जानो प्रश्न मंच एवं राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारत को जानो प्रतियोगिता हरीश चौहान ने बताया कि जोधपुर महानगर से 16 विद्यालयों से भारत को जानो प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में 9 दलों एवं कनिष्ठ वर्ग में 16 दलों के कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के प्रभारी प्रदीप गट्टानी ने बताया कि राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों से 12 दलों के 96 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। शाखा अध्यक्ष शैलेश माहेश्वरी ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर अंकूर भारती उच्च प्राथमिक विद्यालय,द्वितीय स्थान पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 14 एवं तृतीय स्थान पर अंकूर पब्लिक स्कूल रही। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सेक्टर 11, द्वितीय स्थान पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सराफा बाजार एवं तृतीय स्थान पर अंकूर पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 17 रहे।शाखा सचिव राजेंद्र कुमार मोदी ने बताया कि राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सेक्टर 11, द्वितीय स्थान पर शहीद-ए-आजम भगतसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिंवरी एवं तृतीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडली रहे। राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व मुकुन्द क्षीरसागर एवं लक्ष्मीकांत द्वारा निभाया गया।

मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद् के प्रान्त संगठन मंत्री गिरीश लोढा के करकमलों द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और उपहार से सम्मानित किया गया। विशिष्ठ अतिथि डॉ दर्शन कुमार ग्रोवर ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढाई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्यूज मास्टर भंवरलाल जांगिड एवं दौलत राम सतपाल ने अपने प्रश्नों द्वारा सभी को पूरे भारत दर्शन से लाभान्वित किया।क्विज स्कोरर अजय राठी एवं प्रदीप गट्टानी ने सजगता से सभी की अंकतालिका तैयार की। मंच एवं प्रतियोगिता के लिए सभी व्यवस्थाओं में बीना बालानी, मंजू शर्मा,राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सुरेन्द्र राज मेहता और मीना मोदी, अनिल मेहता एवं ओमप्रकाश पुरोहित का विशेष सहयोग रहा। भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेता दल 8 अक्टूबर, 2023 को भीनमाल में आयोजित होने वाली प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में एवं राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का विजेता दल 1 अक्टूबर 2023 को सिरोही में आयोजित प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

विवेक विहार योजना में अतिक्रमण हटाए

जोधपुर, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आयुक्त देवेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार नियमित रूप से अवैध कॉलोनियों, सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों सहित अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। जेडीए दस्ते द्वारा बुधवार को विवेक विहार आवासीय योजना के सेक्टर ए में भूखण्डों पर किए।तिक्रमणों को ध्वस्त किया गया।

जेडीए सचिव महोदया डॉ. हरीतिमा के आदेशानुसार प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक दक्षिण जोगेन्द्र सिंह चौधरी, कनिष्ठ अभियन्ता महेश आदेश्वर, विवेक विहार पुलिस थाना जाब्ता मय जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम कुडी भगतासनी के खसरा संख्या 306 का मौका निरीक्षण किया गया। दस्ते ने मौका निरीक्षण कर विवेक विहार आवासीय योजना के सेक्टर ए में भूखण्ड संख्या 64 93 व 94 पर किए अतिक्रमणों को जेसीबी से ध्वस्त कर हटा दिया।

सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप

जोधपुर, (कासं)। महिला ने महामंदिर थाने में एक युवक के खिलाफ उसकी फोटो को अश्लील तरीके से एडिट कर उसके व उसके पति के मोबाइल फोन पर भेजने व बदनाम करने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। न्यू बीजेएस कॉलोनी क्षेत्र में रहने वाली महिला ने महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि एक आरोपी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई उसकी फोटो खींचकर उसे अश्लील तरीके से एडिट कर व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम आईडी पर भेजकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया है। पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार मिरासिया गांव निवासी व्यक्ति ने बोरूंदा थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि रामडावास निवासी लक्ष्मणराम उर्फ ??विनोद पुत्र करनाराम विशी लंबे समय से उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है तथा गाली-गलौज कर परेशान कर रहा है।

छठें दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

- नुक्कड नाटक द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने संबंधी कार्यक्रम हुए

जोधपुर, (कासं)। उम्मेद अस्पताल के 9वें दशक में समारोह के छठे दिन अस्पताल परिसर मे नाटक मंचन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें "समझदार बनो परिवार नियोजन चुनो", "अन्धविश्वास के प्रति जागरूकता", रक्त दान शिविर का आयोजन, गायन प्रतियोगिता एवं नुक्कड नाटक द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने संबंधी कार्यऋम हुए।

कार्यऋम का प्रारम्भ उम्मेद अस्पताल ऑडिटोरियम में नाटक मंचन से हुआ जिसमें परिवार कल्याण विभाग की टीम द्वारा "समझदार बनो परिवार नियोजन चुनो " नाटक का मंचन किया गया जिसमें परिवार नियोजन के महत्व को समझाया गया।

अस्पताल की आईटी टीम द्वारा " अन्धविश्वास के प्रति जागरूकता" नाटक द्वारा समाज में फेला अंधविश्वास के दुष्परिणामों से आमजन को अवगत करवाया गया।

नर्सिंग विद्यार्थियो ने भी " संस्थागत प्रसव" के थीम पर लोगों में अस्पताल में प्रसव करवाने के फायदे बताये।

मेडिकल कॉलेज के छात्रों एवं डॉ चंचल मित्तल सेवा समिति द्वारा डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा प्राप्त होने वाली 139 यूनिट ब्लड को उम्मेद अस्पताल के ब्लडबैंक में देने का निर्णय लिया गया। इसमें अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गायन प्रतियोगिता में भाग लिया गया एवं चयनित प्रतियोगी को सम्मानित किया गया।

अस्पताल परिसर में जोधपुर शहर विधानसभा की विधायिका श्रीमती मनिषा पंवार एवं सूरसागर विधानसभा विधायिका सूर्यकान्ता व्यास ने अस्पताल का दौरा किया तथा किये गये नवाचारों एवं नवीनीकरण की सराहना करी एवं डॉ दिलीप कच्छावा के नेतृत्व में डॉ अफजल हकीम द्वारा अस्पताल में सुधार के किये गये प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। साप्ताहिक समारोह में जन्मे नवजात एवं उनकी माताओं को माननीय विधायिकाओं द्वारा उपहार भी वितरित किये गये।

उम्मेद चिकित्सायल में जन्म लेने वाली तीन पिढीयों एवं अस्पताल के उन्नयन में सहयोग देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया जा रहा है। साप्ताहिक महोत्सव में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं एव उनकी माताओं को उपहार में कम्बल, घी, बादाम, मिठाई एवं खिलौने देकर शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया।

पुराने नॉन प्रैक्टिस अलाउंस के लिए पशु चिकित्सक हड़ताल पर

जालोर, (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सक संघ एवं वेटरनरी डॉक्टर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पशु चिकित्सकों की दशकों पुरानी नॉन प्रैक्टिस अलाउंस की मांग को लेकर पिछले 10 दोनो से राज्य व्यापी सामूहिक हडताल एवं धरना प्रदर्शन बुधवार को दसवें दिन भी जारी रहा।

इसी क्रम में सांचोर एवं जालोर जिला में कार्यरत समस्त पशु चिकित्सकों द्वारा उपनिदेशक कार्यालय सांचौर में विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर सांचोर एवं जालोर को ज्ञापन प्रेषित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर पशु चिकित्सकों की राज्यव्यापी हड़ताल के कारण पशु चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई है। सरकार की महत्वाकांक्षी बजट घोषणा कामधेनु पशु बीमा योजना में पंजीकृत पशुओं का बीमा कार्य पूर्णतया बंद होने के कारण किसी भी पशु का अभी तक बीमा नहीं हुआ है। जिस कारण पशु की मृत्यु होने पर बीमा अभाव में पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विगत 10 दिनों में इलाज के अभाव में जिले भर में सैकडों पंजीकृत पशुओं की मृत्यु होने से लगभग 50 लख रुपए का पशुपालकों को नुकसान हुआ है। वन्य जीवो एवं राज्य पशु ऊंट चिकित्सा सुविधा के अभाव में दम तोड़ रहे हैं एवं पशुपालक अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए चिकित्सालयों के चक्कर काट कर परेशान हो रहे हैं। जिले भर में पशु चिकित्सा सेवाएं चरमरा गई है। पिछले 10 दिनों से उनकी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं।

क्षेत्र के पशुपालक पशुओं की बीमारी को लेकर चिंतित है। सरकार की पशु बीमा योजना सहित कई योजनाएं का लाभ पशुपालकों को नहीं मिल रहा है। इससे करीबन कुल 2 लाख पशुपालक मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना से वंचित हैं। जिनका लाभ नहीं मिल रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. गिरधर सिंह सोढा ने यह चेतावनी दी है कि पशु चिकित्सकों की वाजिब मांग को सरकार द्वारा अति शीघ्र पूर्ण नहीं करने पर प्रदेश मुख्यालय की तरह जिला मुख्यालय पर भी आमरण अनशन की शुरुआत कर आंदोलन को ओर भी व्यापक रूप से तीव्र किया जाएगा। इसी दौरान डॉ गिरधर सिंह सोढा अध्यक्ष राजस्थान पशु चिकित्सक संघ जालौर डॉ. मुकेश पटेल, उपाध्यक्ष आरवीए डॉ. सुरेश पटेल, डॉ रामा भाई पटेल, डॉ. उदय कुमार चौधरी, डॉ, महेश कुमार शिंदे, डॉ. मंगलाराम बिश्नोई, डॉ संजय माली सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे।

सार-समाचार

लोकतंत्र में सहभागिता जरूरी : जैन

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आगामी विधानसभा आम चुनाव-2023 में स्वीप गतिविधियों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन ने कहा कि आगामी विधानसभा आम चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा जारी विस्तृत गाइडलाइन की समुचित पालना सुनिश्चित हो तथा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करें। ताकि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने ईआरओ व एईआरओ, विकास अधिकारियों, महाविद्यालय व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर ग्राम स्तर पर बीएलओ, पटवारी व ग्राम विकास अधिकारी आपस में समन्वय कर स्वीप गतिविधियों तथा डोर-टू-डोर सम्पर्क अभियान के माध्यम से महिलाओं, वृद्ध व नव मतदाताओं सहित आमजन को प्रेरित करें। उन्होंने विधानसभा आम चुनाव-2018 में कम मतदान वाले केन्द्रों पर मतदान बढ़ाने एवं लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए ईआरओ, एईआरओ व विकास अधिकारियों को विशेष प्रयास करने की बात कही। इस दौरान स्वीप नोडल अधिकारी व जिला परिषद सीईओ रोहित कुमार ने स्वीप के तहत ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर, वार्ड एवं बूथ लेवल तक विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर महिलाओं, ट्रांसजेण्डर व वृद्धजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ ही विद्यालयों व महाविद्यालयों में ईएलसी के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवरलाल सोनी, जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, स्वीप सहायक प्रभारी भैराराम चौधरी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे तथा ईआरओ व एईआरओ वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

'सुखों को नष्ट कर देती है ईर्ष्या'

जालोर, (कासं)। लोभ यदि सर्व गुणों को नष्ट करता है तो ईर्श्या सभी सुखों को नष्ट करने वाली होती है। ये बात जालोर शहर के नंदीश्वर द्वीप जैन तीर्थ में भंडारी परिवार की ओर से आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास के तहत बुधवार को धर्म सभा को संबोधित करते हुए गणिवर्य ज्ञान रत्न विजय महाराज ने कही। चातुर्मास के मीडिया संयोजक हीराचंद भंडारी के मुताबिक गणिवर्य ने कहा कि आजकल लोग अपने दुःख से नहीं बल्कि औरों के सुख से दुःखी होते हैं। एक गरीब अपने दुख से दुःखी होता है। फिर भी वह चैन की नींद सोता है, क्योंकि उसके जीवन में संतोष है। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिराज श्री ज्ञान कलश विजय जी ने कहा कि मंत्र शिरोमणि नवकार महामंत्र एक अदभूत मंत्र है। इस मंत्र की अलौकिक शक्ति और अचिंत्य महिमा है। जो मनुष्य नौ लाख बार इस महामंत्र का जाप करें तो उसकी गति सुधर जाती है। जीवन संवर जाता है। जब भी हम नवकार मंत्र का जाप करें तो अक्षर शुद्धि का विशेष ध्यान रखना चाहिए यानी एक भी अक्षर कम या ज्यादा नहीं हो। क्योंकि नवकार मंत्र के एक-एक अक्षर का अपना महत्व है। नवकार महामंत्र का उच्चारण स्पष्ट होना चाहिए। नवकार मंत्र के स्मरण से अनंत- अनंत जीव भाव से पार हो गए। नवकार महामंत्र के स्मरण के समय क्रिया की भी शुद्धि होनी चाहिए।

डी.एम.एफ.टी.की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। डिस्ट्रिक्ट मिनरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट (डी.एम.एफ.टी.) की शासी परिषद की बैठक का आयोजन बुधवार को प्रातः कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जालोर डीएमएफटी में उपलब्ध फण्ड सहित वर्तमान में प्रगतिरत कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा शिक्षा, वन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पीएचईडी, नगर परिषद, डिस्कॉम, समेकित बाल विकास सेवाओं, पंचायतीराज, खेल सहित विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई।

वाहन की टक्कर से दो जनों की मौत

आहोर, (निसं)। आहोर में राष्ट्रीय राजमार्ग 325 पर चरली के पास दो बाइक सवार को किसी वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं आरोपी वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और श